जय बजरंगी | By Rajkumar Hulchal, Anjana Raj |

करती हूँ तुम्हारी सेवा
अब प्यार करो ना
बजरंग बली ये बेड़ा
मेरा पार करो ना
बेड़ा पार करो ना
जय जय बजरंगी
जय जय बजरंगी

आई हूँ बड़ी श्रद्धा से
तेरे दरबार में
क्यों दुखी रहें हम बाबा
तेरे संसार में
दुख पावे बहुत कर्मों का
अब प्यार करो ना
बजरंग बली ये बेड़ा
मेरा पार करो ना
बेड़ा पार करो ना
जय जय बजरंगी
जय जय बजरंगी

हमने ये सुना है जन तेरा
दुख पा नहीं सकता
दरबार में जो आया
खाली जा नहीं सकता
झोली भी मेरी है खाली
भंडार भरो ना
बजरंग बली ये बेड़ा
मेरा पार करो ना
बेड़ा पार करो ना
जय जय बजरंगी
जय जय बजरंगी

ना जानूँ सेवा पूजा
ना कोई ज्ञान है
मेरा तो बाला तेरे
चरणों में ही ध्यान है
ये वार भेंट मैं लाई
स्वीकार करो ना
बजरंग बली ये बेड़ा
मेरा पार करो ना
बेड़ा पार करो ना
जय जय बजरंगी
जय जय बजरंगी

ये दास चिरंजी तेरा
बालक नादान है
संसार है सागर गहरा

माँझी अनजान है
नैया के खेवैया बनके
भव पार करो ना
बजरंग बली ये बेड़ा
मेरा पार करो ना
बेड़ा पार करो ना
जय जय बजरंगी
जय जय बजरंगी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%80-by-rajkumar-hulchal-anjana-raj/